तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 1 दिसंबर 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के ...



12 महासमुंद जनपद में मतदाता सूची पुनरीक्षण ..



## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर खड़ा करने को लेकर विवाद, मारपीट



**महासमुंद**। सड़क में ट्रैक्टर खड़ा करने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट सिटी कोतवाली महासमुंद में दर्ज कराई गई है। पुलिस को लाफिन खुर्द के नागेश्वर साहू ने बताया कि 28 नवंबर की दोपहर करीबन 12 बजे ट्रैक्टर में धान भरकर खेत से घर आ रहे थे। तभी गांव के प्रवेश द्वार के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर साइड देने के लिए चालक ने सड़क किनारे खड़ा किया। इसी दौरान गांव के संतोष विश्वकर्मा अपने एक साथी के साथ आया और ट्रैक्टर को बीच रोड में खड़ा कर दिये हो कहकर वाद विवाद कर आगे बढ़ गया। इसके बाद उसने अपने भाई की दुकान के पास उसके ट्रैक्टर को रूकवाया और मुझे गाली गलौज कर धक्का-मुक्की किया था। फिर रात्रि करीबन 10 बजे मैं अपने घर में सोया था, तभी कोई व्यक्ति घर के बाहर दरवाजे खटखटाने लगा। दरवाजा खोलने पर देखा कि गांव का संतोष विश्वकर्मा एवं उनके साथ अन्य 03 लोग और थे। इस दौरन आरोपी ने गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये उसके सिर में टंगिया से वार किया है और अन्य लोगों ने हाथ मुक्का से मारपीट कर चोट पहुंचाया। बीच बचाव करने आये भाई घनेश्वर के साथ भी मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## दुर्घटना : अज्ञात वाहनों की तलाश में जुटी पुलिस

# दो हादसे में ठेकेदार-चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना रूकने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन इन सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान रही है। पर संबंधित विभाग और प्रशासन इन पर रोक लगाने में नाकाम नजर आ रहा है। पिछले दो दिनों में जिले के महासमुंद व बागबाहरा में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं ने फिर से दो लोगों की जान ले ली। जिला मुख्यालय से लगे बेलसोंडा में एक ठेकेदार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी और बच्चे बाल-बाल बच गये। जानकारी के अनुसार बसंत धीवर (35) शुक्रवार की शाम लगभग 7 बजे पत्नी और बच्चों के साथ स्कूटी में सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान खरोरा राईस मिल के पास अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को पीछे से ठोकर मार दी। अज्ञात वाहन की ठोकर से बसंत और उसका परिवार सड़क पर गिर गए, जिससे बसंत के सिर और कंधे पर गंभीर चोटें आई। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस और एबुलेंस को दी और उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।



घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया, सड़क किनारे गिरे वाहन के पार्ट्स, टायर के निशान और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर अज्ञात वाहन की तलाश में आसपास के सीसीटीवी फुटेज व हाईवे से गुजरने वाले वाहनों की जांच की जा रही है।

### गांव में पसरा मातम आक्रोश!

मकान निर्माण के व्यवसाय में सक्रिय और सामाजिक रूप से मिलनसार बसंत की मौत से गांव शोकाकुल हो गया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर हो रही सड़क दुर्घटना व उसमें हो रही मौत को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। उनका कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और सड़क सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है।

### ट्रक से उतरे चालक को वाहन ने चपेट में लिया

**महासमुंद**। बागबाहरा के आरटीओ बेरियर खोपली में वाहन के दस्तावेज की जांच कराने ट्रक से उतरे चालक को विपरीत दिशा से एक वाहन ने अपनी चपेट में लिया, जिससे ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक ट्रक क्रमांक एमएच 31 डीएस 4091 में सामान लेकर ओडिशा जा रहा था। इसी दौरान वह शनिवार की शाम लगभग 6 बजे बागबाहरा के आरटीओ बेरियर खोपली में गाड़ी खड़ी कर उतरा, तभी विपरीत दिशा से एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना पर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने मृत वाहन चालक की पहचान उसके आधार कार्ड से की। मृतक वाहन चालक फ्लेट नंबर 103 सी-विंग देव कृपा हाउसिंग सोसायटी भंडारा रोड वर्धमान नगर नागपुर निवासी इकबाल सिंग जगत सिंह खनूजा (62) था। पुलिस ने पुलिस वाहन मालिक सहित वाहन चालक के परिजनों को सूचित कर शव को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस सीसीटीवी कैमरों को खंगाल कर आरोपी वाहन एवं वाहन-चालक की पतासाजी करने में जुटी गई है।

# ढाई साल बाद भी स्कूलों का नहीं हो पाया कायाकल्प, भवनों का मरम्मत कार्य बाकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के स्कूली भवनों की मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष निर्माण का कार्य अब तक पूरा नही हो पाया है। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत ढाई साल बाद भी 594 में से अब तक केवल 563 स्कूलों के कार्य पूरे हुए हैं वहीं अब भी 31 स्कूलों का मरम्मत कार्य अब भी शेष है। पहले भी कई बार अधूरे कार्य पूरा करने का अल्टीमेटम दिया जा चुका है और इस बार फिर 31 दिसंबर तक के निर्देश जारी किए गए हैं।

जिले में 594 स्कलों का मरम्मत के लक्ष्य में 563 स्कूलों की मरम्मत कार्य पूरा हो चुका है और 31 स्कूलों का कार्य अभी भी शेष है। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत कार्य मार्च 2023 में प्रारंभ हुआ था। स्कूलों की मरम्मत का कार्य हाउसिंग बोर्ड और आरईएस विभाग के द्वारा किया जा रहा है। हाउसिंग बोर्ड को 194 स्कूल के मरम्मत का कार्य दिया गया था, जिसमें से 185 स्कूलों की मरम्मत की जा चुकी है और 9 स्कूलों के मरम्मत का कार्य अभी बाकी है। वहीं आरईएस विभाग के द्वारा 400 स्कूल को मरम्मत का कार्य दिया गया था, जिसमें से 378 स्कूलों के मरम्मत का किया गया है। 22 स्कूलों का मरम्मत होना शेष है। मरम्मत का कार्य धीमी गति से किया जा रहा है, इधर अन्य कई स्कूलों ने भी मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेजा है, जिसकी स्वीकृति का इंतजार है।

शिक्षा विभाग का कहना है कि स्कूलों की मरम्मत का कार्य आरईएस विभाग व हाउसिंग बोर्ड के द्वारा किया जा रहा है, कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं दूसरी ओर शिक्षा विभाग का स्वयं के भवन का निर्माण कार्य दो साल से जारी है अब तक पूर्ण नहीं हुआ है। आधा विभाग डाइट के किराए के भवन में लगभग दो साल से संचालित है।

### प्रक्रिया जारी


शिक्षा विभाग ने शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा है, जिसमें स्वीकृति मिलने पर अन्य स्कूलों में मरम्मत का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत कार्यों में लेटलतीफी के कारण नई योजना के तहत मरम्मत का कार्य अटका हुआ है। 31 दिसंबर तक कार्य पूर्ण करने निर्देश दिए हैं।

## आधारकार्ड, पेनकार्ड, बैंक पासबुक, जमीन संबंधी दस्तावेज को भी नहीं छोड़ा

# सूने मकान से लाखों के जेवर व नकदी पार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शादी कार्यक्रम में गई महिला के घर पर ताला देख चोरों ने धावा बोल दिया। सूने मकान को निशान बनाकर समीपस्थ ग्राम बेमचा में अज्ञात चोरों ने तकरीबन 5 लाख रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इसमें सोने चांदी के जेवर और नगदी रकम शामिल है। कोतवाली पुलिस ने प्रार्थिया ममता चंद्राकर की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ 305 (ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।



वार्ड 18 वर्धमान नगर इंदिरा कालोनी बेमचा निवासी ममता चंद्राकर ने पुलिस को बताया कि 26 नवंबर को वह अपनी बेटी सुभिक्षा के साथ शादी कार्यक्रम में बिरकोनी गई। घर में उसका बेटा प्रियांशु चंद्राकर था। 28 नवंबर की शाम करीब 06 बजे प्रियांशु भी बिरकोनी चला गया। जब 29 नवंबर को सुबह 07:20 बजे उसका बेटा ग्राम वापस घर आया तो घर का ताला टूटा व घर का सब सामान बिखरा मिला, जिसकी सूचना उसने फोन पर दी। सूचना पर प्रार्थिया अपनी बेटी के साथ बमेचा आई। उन्होंने देखा कि घर के बाहर का दरवाजा में लगा ताला खुला हुआ था। बैठक के दरवाजा में लगा ताला नहीं था। दरवाजा खुला था। बेडरूम की आलमारी का लॉक खुला था और कपड़ा बिखरा था। आलमारी अंदर रखे बैग में रखे छोटे-छोटे पर्स एवं जेवरात एवं अन्य कागजात जिसमें दो नग पुरानी इस्तेमाली सोने का गुल्लबंद करीब दो तोला, सोने का एक नग मंगलसूत्र डेढ़ तोला, दो नग सोने का झुमका करीब डेढ़ तोला, पांच नग सोने की अंगूठी करीब डेढ़ तोला, दो नग सोने का लॉकेट करीब दो ग्राम, एक नग सोने की चेन एक तोला, चांदी का करधन करीबदस तोला, दो नग चांदी का पुरानी इस्तेमाली पायल वजनी करीब 28 तोला, छह जोड़ी पायल करीब 18 तोला, दो छोटा करधन करीब पांच तोला, आठ जोड़ी चांदी की बिछिया वजनी करीब एक तोला व नकदी लगभग एक लाख बीस हजार रुपए अज्ञात ने पार कर दी। साथ ही आधारकार्ड, पेनकार्ड, वोटर आईडी, आयुष्मान कार्ड, बैंक पासबुक, जमीन संबंधी दस्तावेज नहीं थे। बताया गया कि सोना, चांदी के जेवरात, कागजात एवं नगदी रकम एक लाख बीस हजार रुपए मिलाकर कुल चार लाख 90 हजार रुपए की चोरी हुई है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बोले- एसआईआर में संदिग्ध नामों पर होगी सख्त कार्रवाई

## केवल अवैध प्रवासी और घुसपैठियों को डर लगना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के संशोधन के लिए संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान पाई गई संभावित फर्जी प्रविष्टियों और संदिग्ध नामों को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने साफ कहा है, मतदाता सूची की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और हर संदिग्ध प्रविष्टि की सख्त जांच और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित होगी। केवल अवैध प्रवासी और घुसपैठियों को डर लगना चाहिए। जो वैध मतदाता है, उनको डरने की जरूरत नहीं है।



उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, 2003 के मूल रिकॉर्ड में जिन व्यक्तियों का कोई पारिवारिक सदस्य, ब्लड रिलेशन या पारिवारिक उपस्थिति दर्ज ही नहीं थी, ऐसे नाम अब अचानक कैसे आ गए, इसकी पूरी गहराई से जांच की जाएगी। जो भी व्यक्ति पहले से यहां रहते आए हैं उनका नाम 2003 की सूची में अवश्य होगा या उसके परिजनों, रिश्तेदारों की उपस्थिति का जरूर कोई ना कोई रिकॉर्ड होगा और यदि नहीं है तो उनके मूल निवास के संबंध में जांच करने के साथ उनके विरूद्ध विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के तहत नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा, यदि मतदाता सूची में किसी के नाम फर्जी तरीके से जोड़े गए हैं, दस्तावेजों में गंभीर विसंगतियां हैं, पारिवारिक संबंध साबित नहीं होते, निवास प्रमाण झूठे या संदिग्ध हैं तो ऐसे व्यक्तियों पर बिना किसी देरी के कड़ी वैधानिक कार्रवाई होगी। इसके लिए अवैध प्रवासी अधिनियम, विदेशी अधिनियम आदि के तहत कठोर धाराओं के प्रावधानों के अनुसार मुकदमा दर्ज किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर उन्हें जेल भेजने में भी कोई हिचक नहीं होगी।श्री शर्मा ने कहा, केवल अवैध प्रवासी और घुसपैठियों को डर लगना चाहिए। हमने पड़ोसी देश की सीमाओं में देखा है कि कैसे लोग अब अपने देश को लौट रहे हैं। देश घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करेगा यह देश भारतीयों का है कोई दूसरे देश से आकर हमारे देश के लोगों के अधिकारों और संसाधनों को नहीं छीन सकता है और हमारे देश में आकर कोई दहशत या आतंक फैलाए ये हम बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## बयान आपत्तिजनक, कांग्रेस की मांग- चुनाव आयोग ले संज्ञान

एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान ही प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा द्वारा जारी किया गया बयान बेहद ही आपत्तिजनक है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, चुनाव आयोग इस संबध में गृहमंत्री विजय शर्मा से स्पष्टीकरण मांगे कि उन्होंने किस हैसियत से यह बयान दिया है। एसआईआर आयोग का काम है या राज्य सरकार का, राज्य के मंत्री कैसे बिना एसआईआर पूरा हुये किसी नागरिक की नागरिकता पर सवाल खड़ा कर रहे हैं।



■ एसआईआर के लिए अनुचित दबाव बनाने के बजाय समय बढ़ाए सरकार

दो साल से गृहमंत्री हैं देश में मोदी की 14 साल से सरकार है। उसके बाद घुसपैठिये का हव्वा क्यों बनाया जा रहा है। गृहमंत्री प्रदेश के एससी, एसटी नागरिकों को अप्रत्यक्ष धमका रहे हैं उनकी नागरिकता पर सवाल खड़ा कर रहे, आयोग कहता है एसआईआर नागरिकता की जांच नहीं है, गृहमंत्री उसी आधार पर लोगों को धमका रहे हैं। उन्होंने कहा, हड़बड़ी में बीएलओ पर अनुचित दबाव बना कर त्रुटिपूर्ण एंट्री करवाने के बजाय उन्हें विस्तृत पुनरीक्षण कार्य के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। गणना पत्रक फॉर्म भरने के लिए कम से कम एक माह का समय बढ़ाया जाय। टेबल टॉप मिलान से लेकर गणना पत्रक फॉर्म बांटने और डिजिटल एंट्री को लेकर निर्वाचन आयोग के दावे विश्वसनीय नहीं हैं। सत्ता के दबाव में त्रुटिपूर्ण प्रक्रिया को लेकर लगातार शिकायतें आ रही हैं, जो मतदाता घरों में नहीं मिले या जिनका निवास स्थल परिवर्तित हो गया है, उनको विलोपन सूची में डालना सर्वथा अनुचित है। ऐसे मतदाताओं की तस्दीक करके उनको भी पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए।

---

**खबर संक्षेप**

### एसआईआर में उत्कृष्ट प्रदर्शन 3 बीएलओ हुए सम्मानित



**रायपुर।** जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समय से पहले लक्ष्य हासिल करने वाले बुथ लेवल अफसरों (बीएलओ) को जिला प्रशासन सम्मानित कर रहा है। इसके तहत शनिवार को जिला पंचायत रायपुर के सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने तीन बीएलओ को शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।
कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव सिंह के निर्देश पर जिले में एसआईआर की ड्यूटी में लगे बीएलओ को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सम्मानित किए गए बुथ लेवल अधिकारियों में मतदान केंद्र 155 राजातालाब की बीएलओ सुनीला फेंकलिन, मतदान केंद्र 59 पंडरीताराई की बीएलओ देवकुमारी भरद्वाज तथा मतदान केंद्र 58 पंडरीताराई की बीएलओ गेंदूराम देवदास शामिल है। इस अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मनीष मिश्रा, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राकेश देवांगन, जोन कमिश्नर प्रीति सिंह उपस्थित रहे।

### गाइडलाइन दरों में बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



**रायपुर।** जमीन की गाइड लाइन दरों के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। भूमि की गाइडलाइन दरों में की गई 10 से 100 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी के जनविरोधी निर्णय के विरोध में शनिवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस भवन, गांधी मैदान परिसर में भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। इस अवसर पर प्रदेश एवं शहर के वरिष्ठ कांग्रेसी भारी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीकुमार मेनन, पप्पू बंजारे, विकास उपाध्याय पंकज शर्मा, आकाश तिवारी, सत्यनारायण नायक, शिरीष अवस्थी, दिनेश ठाकुर, प्रशांत ठेंगड़ी, प्रवीण चंद्राकर, बाकर अब्बास, देव साहू, अविनय दुबे, सुरेश उपाध्याय, अनिल रायचुरा अस्सू, राकेश धोतरे, ओम श्रीवास आदि उपस्थित थे।

---

रायपुर शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन ने कहा, कांग्रेस को भाजपा के झूठ ने हराया

# झूठ, अफवाह फैलाकर जनता को किया भ्रमित 2 साल में ही पब्लिक के दिल में उतर गई बात

## ट्रिपल इंजन सरकार के खिलाफ सड़क की लड़ाई लड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नगर निगम के वरिष्ठ पूर्व एमआईसी सदस्य और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन ने कहा है कि भाजपा ने कांग्रेस पार्टी के बारे में जनता के बीच झूठ, अफवाह फैलाकर भ्रमित किया है। 2 साल में ही जनता के दिल में यह बात उतर चुकी है। इसीलिए हम अब ट्रिपल इंजन की सरकार के खिलाफ पूरे शिद्दत के साथ आंदोलन कर सड़क की लड़ाई लड़ेंगे। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का सूपड़ा पूरी तरह साफ होने के सवाल उन्होंने कहा कि कांग्रेस को झूठ ने हराया है। नवनियुक्त शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन से हरिभूमि ने जनहित से जुड़े मुद्दे और उनके विजन को लेकर विचार साझा किए जिसमें उन्होंने खुलकर अपने मन की बात कही।

**- सत्ता में होने के बाद भी पिछले विधानसभा में कांग्रेस पार्टी का प्रदेश में सूपड़ा साफ हो गया, क्या जनता का कांग्रेस पार्टी से मोहभंग है, या कुछ और बात?**

- महतारी वंदन सहित कुछ लोक लुभावन वादे और जनता के बीच झूठ और अफवाह फैलाया गया, इसकी वजह से पार्टी का सूपड़ा साफ हुआ है। मेरे विचार से कांग्रेस को भाजपा के झूठ और अफवाह ने हराया है। अब हम 11 साल की मोदी सरकार, 2 साल के विष्णुदेव साय सरकार और 1 साल से शहर सरकार के कार्यकलापों को लेकर सड़क की लड़ाई लड़ने उतरेंगे। सरकार ने जनता से जो वादे किए, उसमें वो खरे नहीं उतर पाई है, इस बात से जनता बेहद नाराज है।

**- रायपुर शहर में ऐसे कौन-कौन से मुद्दे हैं, जिस पर जनता की आवाज उठाने की जरूरत है?**

- रायपुर नगर निगम में विकास के कार्य नहीं हो रहे, सफाई व्यवस्था को लेकर सबसे ज्यादा परेशानी जनता को है, सभापति से लेकर मेयर और पार्षद प्रधानमंत्री आवास योजना में राशि नहीं मिलने पर त्रस्त है। रहवासी इलाकों में स्ट्रीट लाइट, समय पर सुधारी नहीं जा रहा है। मकान का नक्शा पास कराने लोगों





खास चर्चा

को महीनों भटकना पड़ रहा है। महापौर मैडम भी इस काम में पीछे हैं। कुल मिलाकर शहर में जनता से जुड़े विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं। इन मुद्दों को हम प्रमुखता से उठाएंगे। इसके अलावा प्रदेश की साय सरकार द्वारा बिजली की दर में अनाप-शनाप बढ़ोतरी यह बड़ा विषय है, जिससे हर कोई परेशान है। रजिस्ट्री के लिए जमीन की नई लाइन दर को लेकर चौतरफा विरोध प्रदेशभर में हो रहा है। इससे गरीब, मध्य व सभी वर्ग के लोग परेशान हैं।

**- रायपुर शहर दिग्गजों का गढ़ है यहां कोई चाहता है कि उनके निर्देश पर काम हो, शहर जिला अध्यक्ष के रूप में आप क्या बड़े नेताओं का सिर्फ निर्देश ही मानेंगे या अपने तरह से भी काम करेंगे ?**

- 5000 हजार लोगों से बातचीत करने और शहर के सांसद, विधायक तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी मुझे आम सहमति से शहर जिला अध्यक्ष की बागडोर सौंपी गई है। इसलिए वरिष्ठ नेताओं के निर्देश व मार्गदर्शन की जरूरत तो रहेगी ही। कोई भी साथी सुझाव दे सकता है, पार्टी में सबको साथ लेकर कार्य करूंगा, इसमें किसी प्रकार कोई प्रेशर वाली बात नहीं है।

**- शहर जिला अध्यक्ष बनने के बाद क्या दावेदार आपसे मिलने आए या फोन पर बधाई दी?**

- दावेदार मिलने तो नहीं आए हैं, पर फोन से बधाई मिली है, हम उनके पास जाएंगे, या उनसे संपर्क रखकर उनके सुझाव पर गौर करेंगे।

### महतारी वंदन का पैसा बिजली बिल में लूट रही सरकार, जनता समझदार : राजेंद्र-पप्पू बंजारे, ग्रामीण अध्यक्ष

एआईसीसी ने प्रदेश भर के 41 जिला अध्यक्षों की सूची जारी की है, जिसमें रायपुर ग्रामीण से राजेंद्र पप्पू बंजारे को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। श्री बंजारे का कहना है विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार महिलाओं को महतारी वंदन में 1 हजार रुपए महीने का प्रलोभन देकर चुनाव जीती है, पर आज उसी पैसे की वसूली आम जनता से बिजली बिल की दर मनमाने तरीके से बढ़ाकर कर रही है। जनता से झूठे वादे करने वाली साय सरकार सत्ता में तो आ गई। पर अनाप-शनाप बिजली बिल और डिजिटल मीटर लाकर जनता को लूट रही है। 3100 रुपए में किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदने का वादा करने वाली सरकार 15 से 16 क्विंटल प्रति एकड़ धान प्रसमर्थन मूल्य पर ले रही है। यह किसानों के साथ धोखा है। स्टांप ड्यूटी में बढ़ोतरी से किसानों को जमीन खरीदना व बेचना मुश्किल हो गया है। आमतौर छोटे व मध्य वर्ग के किसान बच्चों की पढ़ाई, शादी, या इलाज के लिए जमीन बेचते हैं, पर आज वो भी मुश्किल हो गया है। हम इस मुद्दे को लेकर ग्रामीण क्षेत्र की जनता के बीच जाएंगे। महतारी वंदन की हकीकत जनता को समझ में आ रही है, इसलिए इस मुद्दे को उठाया जाएगा।

**- कौन कौने से दावेदार आपको जीत की बधाई देने पहुंचे या फोन पर ही बधाई दी?**

- प्रवीण साहू का बेटा, नागभूषण राव ने बधाई दी है, सभी दावेदार को साथ लेकर चलेंगे।

### जमीन खरीद की नई गाइडलाइन पर बोले मेनन- यह यू-टर्न की सरकार, छत्तीसगढ़ को बना दिया प्रयोगशाला



छत्तीसगढ़ सरकार की जमीन खरीद की नई गाइ डलाइन को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन ने कहा, यह यू-टर्न की सरकार है। छत्तीसगढ़ को प्रयोगशाला बना दिया है। ये सरकार पहले निर्णय लेती है, फिर जनता की नाराजगी देखती है, उसके बाद यू-टर्न लेती है। बिजली बिल में ऐसा किया, शराब नीति में ऐसा किया और अब जमीन की दरों में भी वही हो रहा है। उन्होंने कहा, प्रदेश में असमंजस की स्थिति है। समझ नहीं आता कि सरकार चला कौन रहा है, यह शोध का विषय है। कांग्रेस भवन में संवाददाताओं से चर्चा में नगर निगम के पूर्व सभापति प्रमोद दुबे ने कहा, सरकार पिछले एक सप्ताह से गाइड लाइन के तत्वहीन फायदे गिनाकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने बिजली बिल बढ़ोतरी, किसानों पर बोझ और महंगाई को लेकर भी सरकार पर तीखे सवाल दागे। उन्होंने कहा, भाजपा शासन ने किसान और आम आदमी के पेट पर लात और पीठ पर कोड़ा मारा है। प्रमोद दुबे ने चुनौती देते हुए कहा, यदि सरकार गाइड लाइन को लेकर कांग्रेस नेताओं के फायदे के आरोप पर श्वेत पत्र जारी नहीं करती, तो कांग्रेस भाजपा नेताओं की जमीन का "काला पत्र" जारी करेगी। ओपी चौधरी फेसबुक पोस्टों में रेट तय करवाने की कोशिश कर रहे हैं और खुद जनता ही कमेंट में उनका जवाब दे रही है।

#### कांग्रेस सरकार में दरें थीं कम राजस्व तेजी से था बढ़ा

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, कांग्रेस शासन में जमीन दरें कम की गई थीं और रजिस्ट्री ऑफिस में काम तेजी से होता था। राजस्व बढ़ रहा था और जनता संतुष्ट थी। आज स्थिति देखकर फर्क समझ में आ जाएगा। सरकार ने बिना सोचे-समझे भारी बढ़ोतरी कर दी, जिससे जनता और सरकार दोनों को नुकसान हुआ है। कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने कहा, यह साफ दिखाता है कि गाइड लाइन आम आदमी के लिए नहीं, किसी विशेष वर्ग को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई गई है।

#### गाइडलाइन दरों में भारी बढ़ोतरी के विरोध में हवन

छत्तीसगढ़ में जमीन की गाइडलाइन दरों में की गई भारी भरकम बढ़ोतरी के विरोध में आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में पुरानी बस्ती स्थित महिला समृद्धि बाजार परिसर के हनुमान मंदिर में हवन–पूजन किया गया। हवन के माध्यम से प्रदेश की भाजपा सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने तथा बढ़ी हुई गाइडलाइन दरों को तत्काल वापस लेने की प्रार्थना की गई। उन्होंने कहा, गाइड लाइन दरों में की गई यह बढ़ोतरी आम जनता, मध्य वर्ग, छोटे व्यवसायियों और युवाओं के लिए भारी परेशानी का कारण बनी है। प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री रायपुर प्रवास पर हैं, इसलिए हवन-पूजन के माध्यम से यह संदेश सीधे उन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

---

# चुनाव में प्रदर्शन के आधार पर बदले गए जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस के नव नियुक्त जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी गई है। नामों की घोषणा में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन को देखते हुए जिला अध्यक्ष बदले गए हैं। ऐसे जिले जहां पर कांग्रेस को करारी हार मिली, वहां शहर और ग्रामीण दोनों अध्यक्षों को बदलकर नए लोगों को मौका दिया गया है। ऐसे जिलों में रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, गरियाबंद, कांकेर, कवर्धा, राजनांदगांव, रायगढ़, दंतेवाड़ा, महासमुंद, जांजगीर-चांपा सहित करीब 25 जिले शामिल हैं।

कांग्रेस ने लगभग 25 स्थानों पर नए जिला अध्यक्षों को संगठन को मजूबत करने की जिम्मदारी सौंपी है। वहीं करीब 16 स्थानों पर अध्यक्षों को दोबारा मौका दिया गया है। संगठन सृजन अभियान के दौरान नए और युवाओं को आगे लाने का प्रयास किया गया है। जारी सूची में यह देखा गया है कि रायपुर जिले के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र की सभी सीटों में कांग्रेस को करारी हार मिली। यहां पर जिला अध्यक्ष पिछले पांच



साल से कार्य कर रहे थे। इस आधार पर उनके स्थान पर नए लोगों को मौका दिया गया है। बिलासपुर और राजनांगांव जिले में शहर और ग्रामीण दोनों जगहों पर नए लोगों को मौका दिया गया है। यहां पर कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था। रायगढ़ शहर में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा, वहीं ग्रामीण से कांग्रेस को एक स्थाना पर जीत मिली थी। इस आधार पर शहर जिला कांग्रंस अध्यक्ष को बदला गया है। ग्रामीण में नहीं बदला गया है। दंतेवाड़ा, महासमुंद, कवर्धा में भी जिला अध्यक्षों पर हार का ठीकरा फूटा है।

#### गुटीय दबाव में भी नियुक्ति

हार-जीत के अलावा कई जगहों पर विधानसभी वुनाव में हारने के बाद बई जिला अध्यक्षों को फिर से मौका दिया गया है। यहां पर यह देखने में आया है कि बड़े नेताओं के दबाव में उन्हें नहीं बदला गया। इनमें जगदलपुर शहर से सुशील मौर्य का नाम शामिल है। वे दीपक बैज के समर्थक माने जाने हैं। वहीं सरगुजा जिले में टीएस सिंहदेव समर्थक को एक बार फिर मौका दिया गया है। बेमेतरा जिले में कांग्रेस की बूरी तरह से हार हुई थी। इसी प्रकार अधिकांश जिला अध्यक्षों की नियुक्ति चार माह पूर्व नियुक्त किए जिला अध्यक्ष शामिल हैं। उन्हें बदला नहीं गया है।

#### एकजुटता के साथ काम करें

छत्तीसगढ़ के पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ये नियुक्तियां लोकतांत्रिक और पारदर्शी संगठनात्मक पुनर्निर्माण के प्रति आलाकमान की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उन्होंने सभी नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को बधाई देते हुए एकजुटता के साथ काम करने की हिदायत दी है। कांग्रेस ने इस बार महिलाओं को भी मौका दिया है। बलौदाबाजार से सुमित्रा घृतलहरे, धमतरी से तारिणी चंद्राकर शक्ति से रश्मी गभेल सहित कम से कम आठ महिला नेताओं को नियुक्त किया गया है।

# क्रिकेट मैच के टिकटों की कालाबाजारी, जनता को रियायती दर पर भी नहीं दिलवा पा रही सरकार

## ऑनलाइन टिकिट बुक करने के बाद घंटों लाइन लगवाया जा रहा : सुशील

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भारत, साउथ आफ्रीका के बीच नवा रायपुर में 3 दिसंबर को होने वाले क्रिकेट मैच के टिकटों में काला बाजारी खुलकर की जा रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, ऑनलाइन टिकट बेचे जाने की घोषणा राज्य क्रिकेट संघ ने की थी, लेकिन सिर्फ आधे घंटे में वेबसाइट को बंद कर दिया गया। जिन लोगो ने ऑनलाइन टिकट खरीद लिया था उनको टिकट का मेन्यूअल टिकट लेने के लिये इंडोर स्टेडियम बुलाया गया, लेकिन वहां भी आधे घंटे में काउंटर बंद कर दिया गया। क्रिकेट प्रेमी घंटों कतार



लगाकर टिकट लेने का इंतजार करते रहे। पहले ऑनलाइन बुक करना, उसके बाद फिर बुलाकर लाइन लगवा कर मेन्यूअल टिकिट देना, ऐसोशियसन का गैर जिम्मेदाराना रवैया है।

उन्होंने कहा, विद्यार्थियों को रियायती दर पर टिकट की घोषणा की थी, पर विद्यार्थी भटक रहे हैं, उन्हें रियायती टिकट नहीं दिया जा रहा है। सभी टिकटों को पीछे दरवाजे से बेच दिया गया। उन्होंने कहा, नागरिक पैसे देकर टिकट नहीं पा रहे हैं। आयोजक मंत्रियों, सत्तारूढ़ दल के नेताओं और अधिकारियों के घर कांप्लीमेंट्री टिकट भेज रहे हैं। जो स्टेडियम में राज्य की जनता की गाढ़ी कमाई के पैसे से कांग्रेस की सरकार ने बनाया था। भाजपा सरकार ने उसे क्रिकेट संघ को मुफ्त में सौंप दिया। बदले में राज्य सरकार राज्य की जनता के लिये रियायती दर पर टिकट भी नहीं दिलवा पा रही। उन्होंने कहा, रायपुर का वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम राज्य सरकार ने राज्य की जनता की गाढ़ी कमाई के पैसे से बनाया है। इस स्टेडियम पर होने वाले मैच को देखने का पूरा हक प्रदेश की जनता का है, लेकिन स्टेडियम को जैसे ही एसोशियेसन को हैंडओवर हो गया, ऐशोसियेशन राज्य के क्रिकेट प्रेमियों को परेशान करने पर उतर आया है।

---

# यूथ हब तोड़कर सरकारी पैसों की बर्बादी, पीएम मोदी से मिलने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका

## पूर्व विधायक विकास के नेतृत्व में काले कपड़े पहनकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

साइंस कॉलेज के पास 19 करोड़ रुपए से बने यूथ हब फूड कोर्ट को तोड़कर सैकड़ों परिवारों को बेरोजगार करने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेस भवन से काले कपड़े में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर शिकायत करने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस द्वारा बलपूर्वक रोक दिया गया।

मामले में बताया गया कि नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे की हठधर्मिता के कारण शासन द्वारा निर्मित सुव्यवस्थित यूथ हब को तोड़कर सैकड़ों परिवारों को बेरोजगार करने वालों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। विकास उपाध्याय ने कहा, ऐसा कृत्य करने वालों को छत्तीसगढ़ की जनता कभी माफ नहीं करेगी। भाजपा को इसका खामियाजा उठाना पड़ेगा, क्योंकि यह राजनितिक दबाव में किया गया एक अमानवीय कृत्य है। फलस्वरूप आमजन व उनके समूचे परिवारों को परेशान होना पड़ रहा है। यूथ हब के बेरोजगार और परेशान परिवारों को न्याय दिलाने के लिए आवाज़ उठा रहे विकास उपाध्याय ने कहा, यदि इन परिवारो को न्याय नहीं मिला, तो आगे उग्र आंदोलन किया जायेगा।

# एनओसी के चक्कर में बांडेड डाक्टरों के हाथों से फिसल रही ऑल इंडिया कोटे की एमडी-एमएस की सीट


हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बांड ड्यूटी के दौरान उच्च शिक्षा के लिए विभागीय एनओसी की वजह से कई स्थानीय छात्र ऑल इंडिया कोटे से एमडी-एमएस की सीट पाने का मौका गंवा सकते हैं। पूर्व में शपथपत्र के आधार पर एडमिशन देकर अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा करने का मौका दिया जाता था। इस बार काउंसिलिंग कमेटी एडमिशन के दौरान एनओसी जमा करने के नियम पर प्रवेश दे रही है।

राज्य में ऑल इंडिया कोटे की मेडिकल पीजी की सीट पर एडमिशन दिया जा रहा है। इसकी अंतिम तारीख 1 दिसंबर है, इसे लेकर अनुबंध सेवा देने वाले बांडेड डाक्टर चिंतित हैं, क्योंकि अवकाश यानी रविवार को स्वास्थ्य विभाग से उन्हें एनओसी मिलना संभव नहीं है। अभा. कोटे से मेडिकल कालेज रायपुर में रेडियोथेरेपी की सीट प्राप्त करने वाले छात्र ने बताया कि 25 लाख के बांडपत्र के आधार पर उच्च शिक्षा के लिए प्राप्त होने वाली एनओसी उसे नहीं मिल पाई है। काउंसिलिंग कमेटी द्वारा शनिवार को पूरे दस्तावेज लेकर आने पर ही एडमिशन देने का नियम बताया गया है। छात्र का कहना है कि सोमवार को अगर उसे सर्टिफिकेट प्राप्त नहीं होता है, तो वह अपनी सीट गंवा देगा। इसी तरह एक छात्रा को भी एडमिशन के लिए सोमवार को एनओसी मिलने का इंतजार है।

#### राज्य कोटे पर नहीं बन पाया संशोधित नियम

हाईकोर्ट के फैसले के बाद अटकी राज्य कोटे की पीजी सीटों पर काउंसिलिंग अब तक शुरू नहीं हो पाई है। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग संशोधित नियम जारी नहीं कर पाया है। अखिल भारतीय नियतांश की सीटों पर पहले दौर का एडमिशन दो दिन में पूरा होगा। दूसरी ओर राज्य कोटे की सीटों के लिए स्थगित आवेदन की प्रक्रिया भी अब तक शुरू नहीं पाई है। न्यायालय ने स्टेट कोटे की सीट पर डोमिसाइल आरक्षण के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया पर आपत्ति जताई थी। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग इस विकल्प तलाशने के प्रयास में जुटा हुआ है।



#### एक मामला ऐसा भी

2019 बैच के एमबीबीएस डाक्टर को इस बार पहले प्रयास में ही ऑल इंडिया कोटे से प्रवेश का मौका मिला है। अनुबंध सेवा की शुरुआत नहीं होने की वजह से उसे एनओसी मिलने का सवाल ही नहीं और इसकी वजह से उसका सीजीएमसी में पंजीयन भी अटका हुआ है। संबंधित छात्र द्वारा चिकित्सकों के संगठन सीजीडीएफ के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह से मदद की गुहार लगाई गई है। सीजीडीएफ के पदाधिकारी का कहना है कि गलत नियम और रोकटोक की वजह से स्थानीय छात्र उच्च शिक्षा से चूक रहे हैं। इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री सहित अन्य अधिकारियों से मुलाकात की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### बाइक सवारों से दस किलो गांजा जब्त

**महासमुंद।** ग्राम रेहटीखोल में नाकाबंदी कर पुलिस ने बाइक सवारों के कब्जे से दस किलो गांजा जब्त किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस के अनुसार 30 नवंबर की सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि एक ग्रे कलर की होंडा शाईन मोटर सायकल क्रमांक सीजी10 बीयू 3679 में ओडिशा की ओर से दो व्यक्ति बीच में प्लास्टिक बोरी में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। पुलिस ने एनएच 53 ग्राम रेहटीखोल के पास घेराबंदी की, जहां कुछ समय पश्चात ओडिशा की ओर से एक ग्रे कलर की मोटर सायकल जिसे दो व्यक्ति सवार थे। नाम पता पूछने पर मोटर सायकल चालक ने अपना नाम राजकुमार ठाकुर पिता स्व. बलवीर ठाकुर (42 साल) पुराना सरकंडा लोधीपारा थाना सरकंडा जिला बिलासपुर तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सरजू श्रीवास पिता स्व मनहरण श्रीवास (45 साल) कोनी वार्ड नं 06 थाना कोनी जिला बिलासपुर होना होना बताया। आरोपियों के कब्जे से 10 किलोग्राम गांजा कीमत 5 लाख रुपए तथा बाइक कीमत 60 हजार रुपए कुल 5 लाख 60 हजार को जब्त आरोपियों के खिलाफ धारा 20(ख)(ii)(बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

### विधायक मिश्रा ने सीएम साय को भेंट किया सिंदूर फल



**रायपुर।** शहीदों के सम्मान और हरित पर्यावरण को समर्पित छत्तीसगढ़ का पहला 'सिंदूर पार्क' विधायक पुरंदर मिश्रा के गृहग्राम सरायपाली के दुर्गापाली में प्रेरणादायी स्वरूप में विकसित हो रहा है। विधायक पुरंदर मिश्रा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पार्क में लगे पौधों एवं विकसित होते वृक्षों का अवलोकन कराया, जिस पर मुख्यमंत्री ने पहल की सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत तैयार यह पार्क, भारत–पाक युद्ध के शहीदों की अदम्य वीरता व बलिदान को समर्पित है। दुर्गापाली में बनाए गए इस विशेष पार्क में 501 से अधिक पौधों का रोपण किया गया है, जिनमें से कई अब वृक्ष का रूप ले रहे हैं। यह स्थल स्थानीय नागरिकों के लिए श्रद्धांजलि, प्रेरणा और हरियाली का केंद्र बन रहा है। विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि यह पार्क शहीदों की गाथा और देशभक्ति की जीवंत विरासत है, जो आने वाली पीढ़ियों को साहस और त्याग का संदेश देगा। कार्यक्रम के दौरान पहलगाम के शहीद दिनेश मिरानी की पत्नी नेहा अग्रवाल और सुपुत्र शौर्य का सम्मान किया गया था, जिससे पूरा आयोजन स्थल भावुक हो उठा। रायपुर स्थित स्टेट हैंगर में विधायक श्री मिश्रा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को वही सिंदूर फल भेंट किया, जिसका पौधा पुलवामा के शहीदों की स्मृति में दुर्गापाली में रोपा गया था। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री अरुण साव और कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी भी उपस्थित रहे।

# योजना को हो गए दो साल पर डेंटल कालेज में नहीं बनी ई-लाइब्रेरी, खर्च होने थे दस करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को हाईटेक अध्ययन की सुविधा देने के लिए बनाई गई ई-लाइब्रेरी की योजना अभी भी कागजों से बाहर नहीं निकल पाई है। एंबुलेंस कंपनी से भवन वापस मिलने बाद इसके लिए दस करोड़ की योजना बनाई गई थी। सीजीएमएससी के पास आवश्यक खरीदी और निर्माण की जिम्मेदारी है, मगर उसकी ओर से इसकी शुरुआत ही नहीं की गई है।

शासकीय डेंटल कालेज प्रबंधन इस बात को लेकर काफी उत्साहित था कि कालेज में बनने वाली ई-लाइब्रेरी अति आधुनिक तरीके की होगी। यहां देश-विदेश से जुड़ी किताबें ऑनलाइन तरीके से संग्रहित होंगी, जिसका लाभ यहां पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को मिलेगा। लाइब्रेरी के निर्माण और वहां जुटाई जाने वाली सुविधा के मद्देनजर कालेज प्रबंधन द्वारा गठित टीम द्वारा एम्स, शासकीय इंजीनियरिंग कालेज सहित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में मौजूद लाइब्रेरी का जाकर निरीक्षण किया गया था। इसके बाद निर्माण संबंधी प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। दरअसल जिस भवन को कालेज प्रबंधन लाइब्रेरी का रूप देना चाहता है वह कुछ साल पहले स्वास्थ्य विभाग से वापस मिला है। राज्य निर्माण के कुछ समय बाद ही यहां शुरू की गई निशुल्क एंबुलेंस सेवा के लिए डेंटल कालेज परिसर में स्थित एक भवन को स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिग्रहित किया गया था। करीब दस साल तक उस भवन से एंबुलेंस सेवा का कंट्रोल रूम संचालित हुआ था। अनुबंध समाप्त होने के बाद यह बिल्डिंग पूरी प्रक्रिया के साथ डेंटल कालेज भवन को हैंडओवर की गई थी। यहां लाइब्रेरी बनाने का काम सीजीएमएससी को दिया गया।

## एंबुलेंस कंपनी से भवन वापस मिलने के बाद बनाई गई थी योजना

### सुविधाओं का विस्तार भी अटका

सरकारी स्तर के एकमात्र शासकीय कालेज की सुविधाओं का विस्तार भी प्रक्रियाओं में ही अटका है। यहां के अस्पताल में रोजाना ढाई से तीन सौ मरीजों की दांतों का इलाज होता है। जरूरत के हिसाब से यहां संसाधन कम है जिसे देखते हुए खरीदी का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। खरीदी की जिम्मेदारी भी दवा निगम के पास थी जो पूरी ही नहीं हुई। दांतों का अस्पताल अभी अपने पुराने संसाधनों के भरोसे चल रहा है।



### इलाज का खर्च कम मगर भार मरीजों पर

शासकीय डेंटल कालेज में जांच और उपचार की सुविधा कम खर्च पर मिल जाती है मगर इसका भार आने वाले मरीजों की जेब पर होता है। दांतों से संबंधित कई बीमारियों के इलाज की सुविधा आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में नहीं है। काफी समय पहले राज्य स्तर पर इसका प्रयास शुरू किया गया था मगर विभाग को सफलता नहीं मिल पाई। निजी अस्पतालों में दांतों के इलाज का खर्चा काफी अधिक है।

**जागरूक:** राष्ट्रीय अविष्कार सप्तार के अंतर्गत हुआ कार्यक्रम

# जल संरक्षण के प्रति जागरूक होना बेहद जरूरीः डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राष्ट्रीय अविष्कार सप्ताह के तहत जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के मार्गदर्शन में जिला शैक्षिक एवं विज्ञान परिषद के बैनर तले जल संरक्षण एवं जल संरक्षण के महत्व पर फील्ड अध्ययन पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने किया, इस अवसर पर सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा, जिला समन्वयक जगदीश सिन्हा उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला समय में जल का अत्यधिक महत्व होगा, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के कारण जल स्त्रोतों की कमी होने की आशंका है, ऐसे में आज की पीढ़ी के छात्रों को जल संरक्षण के महत्व पर जागरूक करना बेहद आवश्यक है। जल संरक्षण के लिए सभी पारंपरिक तरीकों के साथ ही आधुनिक तकनीकों का समावेश करना भी जरूरी है। सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि जल है तो कल है इसलिए जल के उपयोग में हमें सावधानी बरतनी चाहिए तथा मिव्ययता के साथ इसका उपयोग करना चाहिए। जल संचय और संरक्षण के सभी जरूरी उपाय हम सभी को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यशाला में पांचों विकासखंड के 15 विद्यालय सम्मिलित हुए। जिला शैक्षिक एवं विज्ञान परिषद के जिला समन्वयक जगदीश सिन्हा ने जल के पुरातन महत्व को रेखांकित करते हुए भविष्य के लिए इसकी उपयोगिता तरह संरक्षण पर प्रकाश डाला। तकनीकी वक्त के रूप में पिथौरा के व्याख्याता विवेक वर्मा ने जल संरक्षण के महत्व पर विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी कार्यशाला में दी।इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को जलसंरक्षण के महत्व को समझने के उद्देश्य से कोडार परियोजना का महासमुंद का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। परियोजना से आसपास के क्षेत्रों को होने वाले विभिन्न प्रकार के लाभ से अवगत कराया गया। कार्यशाला में महासमुंद से सेजेस नयापारा, सेजेस पटवा, बेलसोडा, बागबाहरा से बीकेबाहरा, नर्रा, पिथौरा से गड़बेड़ा, गोड़बहल, बसना से आत्मानंद स्कूल, अरेकल, सरायपाली से आत्मानंद स्कूल, तोड़ेसिंगा सहित कुल 15 विद्यालय के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। आयोजक संस्था के प्राचार्य देवनारायण जांगड़े, प्राचार्य बीकेबाहरा अंकित चंद्राकर, प्राचार्य ठाकुरदियाखुर्द अक्षय कुमार साहू, विषय विशेषज्ञ विवेक वर्मा, विकास यादव, नंदकुमार चौधरी, यशवंत चौधरी, निर्मल प्रधान, भीष्म सिन्हा, राजेश्वर चंद्राकर, अजय भोई, खेमराज साहू, सुबोध तिवारी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ राजभाषा दिवस पर काव्यांश संस्था के साहित्यकारों ने बढ़ी कविताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज भाषा दिवस पर काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान के प्रांतीय कार्यालय काव्यांश भवन में उमेश भारती गोस्वामी मृदुल के मुख्यातिथ्य, भागवत जगत भूमिल की अध्यक्षता तथा सुरेंद्र मानिकपुरी की विशेष आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर पूजन अर्चन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें द्रौपदी साहू सरसिज ने छत्तीसगढ़ी सरस्वती वंदना किया। कार्यक्रम में चिंतन और परिचर्चा का समन्वित रुप देखने को मिला। काव्य पाठ का शुभारंभ करते हुए धनेश्वर निषाद ध्वनिल ने ननपन के सुरता आवत हे... कविता पाठ करके सबको बचपन की यादें ताजा कर दी। काव्यांश के वरिष्ठ साहित्यकार द्रौपदी साहू सरसिज ने तोर धनहा बर तिंही रखवार रे मधुर कण्ठ में गाकर सबको भावविभोर कर दिया। छत्तीसगढ़ी परिचर्चा को गति देते हुए काव्यांश के कोषाध्यक्ष डी बसन्त साव साहिल ने छत्तीसगढ़ी लघुकथा हेलमेट प्रस्तुत करते हुए खूब तालियां बटोरी। काव्य पाठ को ऊंचाई देते हुए काव्यांश की स्वर कोकिला पुष्प लता भार्गव सुनंदा ने दीपचंदी ताल में-आज हमर कोती बरस जा रे पानी, झीन कर अपनेच मन के मनमानी गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। वरिष्ठ पत्रकार एवं काव्यांश के प्रचार सचिव उत्तरा विदानी ने विचार परख उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए कहा कि हम लोग छत्तीसगढ़ी के गुढार्थ मय शब्दों को बिसरते जा रहें हैं। हमें छत्तीसगढ़ी भाखा कोठी को समृद्ध करना है। उन्होंने एक छत्तीसगढ़ी गौरा गीत भी प्रस्तुत किया।

छत्तीसगढ़ी भाखा के महत्व को रेखांकित करते हुए सुरेंद्र मानिकपुरी ने छत्तीसगढ़ी भाखा मोर जिंदगी के आधार कहा। इसी कड़ी में दिनेश चंद्राकर चारुमित्र ने माटी मोर महान संगी माटी मोर महान प्रस्तुत कर काव्यपाठ में वीररस घोल दिया। अपने अध्यक्षीय भाषण में काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान के अध्यक्ष भागवत जगत भूमिल ने भाषा के आधार पर प्रांतों की रचना और छत्तीसगढ़ के साथ छलावा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें भाषा के आधार पर छत्तीसगढ़ प्रांत नहीं दिया। जबकि, एक राज्य की आवश्यकता के आधार पर दिया गया है, जो कि छत्तीसगढ़ के साथ घोर अन्याय है। जबकि हम एक भाषा के अंतर्गत एक प्रांत है। छत्तीसगढ़ी हमारी मातृभाषा हमें प्रथम संवर्ग में रखना चाहिए था। छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर भूमिल ने जरा हटके रचना प्रस्तुत किया। आमतौर पर उनकी रचनाएं देशभक्ति, श्रृंगार, नारी व्यथा पर केंद्रित होता है। किन्तु, आज उन्होंने दो हास्य कविता प्रस्तुत कर माहौल को खुशनुमा कर दिया। पहली कविता में कहते हैं-दार बिना डोकरी दाई भाजी मं अटकगे। उल्चा आलू साग खाइस, तरुवा मं चटके। दूसरी हास्य कविता पढ़ते हुए उन्होंने कहा कि पुंछी थोकिन पातर रीहिसे दर्शकों को खूब गुदगुदाया। मुख्य अतिथि के आसंदी से बोलते हुए उमेश भारती गोस्वामी मृदुल ने कहा कि छत्तीसगढ़ी हमारी महतारी भाखा है, इससे किसी भी स्तर में महत्व को कमतर करने नहीं देंगे। यह भाषा जितनी कोमल एवं मृदुल है, उतना ही हृदय ग्राही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमेश भारती गोस्वामी मृदुल, भागवत जगत भूमिल, सुरेन्द्र मानिकपुरी, डी बसन्त साव साहू, पुष्प लता भार्गव सुनंदा, द्रौपदी साहू सरसिज, उत्तरा विदानी, दिनेश चन्द्राकर चारुमित्र, धनेश्वर निषाद ध्वनिल विशेष रूप से उपस्थित थे। संचालन साहित्यकार दिनेश चंद्राकर चारुमित्र ने किया।



### ओजस्वी का सहकारिता विभाग में चयन, पटेल समाज में हर्ष

**नर्रा।** छग मरार समाज के होनहार ओजस्वी कुमार पटेल का चयन सहकारिता विभाग में हुआ है। यह मरार पटेल समाज के लिए गर्व की बात है। यह सफलता कड़ी मेहनत और संघर्ष के बाद मिला है। रायपुर स्थित पटेल छात्रावास में प्रदेश संयोजक राजेंद्र प्रसाद नायक, महासचिव ललित पटेल, उत्तम पटेल कार्यालय सचिव एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी ललित पटेल के समाज के पदाधिकारियों ने श्रीफल शाल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिस पर समाज ने सहकारिता विभाग में चयन होने पर हर्ष व्यक्त किया है।

# खल्लारी विधायक को कांग्रेस जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी, नपाध्यक्ष ने जताया हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से बागबाहरा विधायक निवास जाकर सौजन्य भेंट की। साहू ने विधायक यादव को नई जिम्मेदारी मिलने पर पुष्प गुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी, एनएसयूआई पूर्व जिलाध्यक्ष रत्नेश साहू, युवा कांग्रेस के महासमुंद विधानसभा अध्यक्ष सौरभ लोधी आदि उपस्थित थे। साहू ने कहा कि विधायक द्वारिकाधीश यादव के जिलाध्यक्ष बनने से संगठन को मजबूती मिलेगी तथा जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र



### भाजपा पदाधिकारियों ने सुनी प्रधानमंत्री के 'मन की बात'

**पिथौरा (ग्रामीण)।** विधायक जनसंपर्क कार्यालय पिथौरा में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना और इसे प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, विधायक प्रतिनिधि अनूप अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, सीताराम साहू, संजय गोयल, किसान मोर्चा अध्यक्ष अजय डड़सेना, युवा मोर्चा महामंत्री सौरभ अग्रवाल, डिगेश प्रधान, विधायक प्रतिनिधि रविंदर आजमानी, बेनू वैष्णव, मिनिकेतन पटेल तथा सतीश ध्रुव उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों ने सुनी मोदी के मन की बात



**महासमुंद।** मां संतोषी शक्ति केंद्र नयापारा में नवम्बर माह के अंतिम रविवार 30 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का प्रसारण सुनी।

# दुर्गापाली पार्क में रोपे सिंदूर के पौधे को विधायक पुरंदर ने मुख्यमंत्री साय को किया भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)



शहीदों के सम्मान और हरित पर्यावरण को समर्पित छत्तीसगढ़ का पहला 'सिंदूर पार्क' विधायक पुरंदर मिश्रा के गृह ग्राम सरायपाली के दुर्गापाली में प्रेरणादायी स्वरूप में विकसित हो रहा है। विधायक पुरंदर मिश्रा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पार्क में लगे पौधों एवं विकसित होते वृक्षों का अवलोकन कराया, जिस पर मुख्यमंत्री ने पहल की सराहना की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत तैयार यह पार्क, भारत–पाक युद्ध के शहीदों की अदम्य वीरता व बलिदान को समर्पित है। दुर्गापाली में बनाए गए इस विशेष पार्क में 501 से अधिक पौधों का रोपण किया गया है, जिनमें से कई अब वृक्ष का रूप ले रहे हैं। यह स्थल स्थानीय नागरिकों के लिए श्रद्धांजलि, प्रेरणा और हरियाली का केंद्र बन रहा है।

विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि यह पार्क शहीदों की गाथा और देशभक्ति की जीवंत विरासत है, जो आने वाली पीढ़ियों को साहस और त्याग का संदेश देगा। कार्यक्रम के दौरान पहलगाम के शहीद दिनेश मिरानी की पत्नी नेहा अग्रवाल और सुपुत्र शौर्य का सम्मान किया गया था। जिससे पूरा आयोजनस्थल भावुक हो उठा। रायपुर स्थित स्टेट हैंगर में विधायक मिश्रा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को वही सिंदूर फल भेंट किया, जिसका पौधा पुलवामा के शहीदों की स्मृति में दुर्गापाली में रोपा गया था। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री अरुण साव और कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी भी उपस्थित रहे।

# एक्सीडेंट खत्म करने रेलवे का बड़ा कदम, साल में दो बार होगी सुरक्षा जांच, दूसरे जोन की टीम को जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेलवे ने ट्रेन दुर्घटनाओं को पूरी तरह खत्म करने के लक्ष्य से सुरक्षा व्यवस्था को पहले से ज्यादा सख्त कर दिया है। जनवरी 2026 से देश के सभी 17 रेलवे जोन और कोलकाता मेट्रो की सुरक्षा जांच अब साल में दो बार होगी। पहले यह इंटर-रेलवे सुरक्षा ऑडिट केवल साल में एक बार होता था और कई बार समय पर नहीं हो पाता था, लेकिन इस बार रेलवे बोर्ड ने इसे अनिवार्य बना दिया है और तय समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सुरक्षा) बीएम त्रिपाठी ने 26 नवंबर को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सहित सभी जोनों के महाप्रबंधकों को पत्र भेजकर नया शेड्यूल जारी किया है। नए नियम के अनुसार सुरक्षा जांच दो चरणों में होगी। पहला चरण जनवरी से जून और दूसरा चरण जुलाई से दिसंबर। हर रेलवे जोन की जांच अब दूसरे जोन के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम करेगी और बदले में उसकी जांच भी कोई अन्य जोन करेगा।



### 30 दिन के अंदर सुधार अनिवार्य

नई व्यवस्था के तहत जांच पूरी होने के सात दिन के अंदर विस्तृत रिपोर्ट संबंधित जोन के महाप्रबंधक को और रेलवे बोर्ड के आनलाइन सेफ्टी आडिट माड्यूल में अपलोड करनी होगी। कमियां मिलने पर संबंधित जोन को 30 दिन के अंदर सुधार कर सबूत देना अनिवार्य होगा। पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी रखी गई है ताकि कागजी खानापूर्ती की कोई गुंजाइश न रहे। रेलवे बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि यह कदम इसलिए जरूरी था क्योंकि कई जोन पहले एक बार की जांच को भी टाल देते थे या उसे गंभीरता से नहीं लेते थे।

### जांच का उद्देश्य छोटी-छोटी प्रक्रियात्मक चूक को पकड़ना है

उदाहरण के लिए उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) की जांच ईस्टर्न रेलवे करेगा, जबकि एनसीआर ईस्टर्न रेलवे की जांच करेगा। इसी चक्रीय व्यवस्था में सेंट्रल रेलवे-वेस्ट सेंट्रल, वेस्टर्न-सेंट्रल, साउथ वेस्टर्न-कोंकण और कोंकण-साउथ सेंट्रल रेलवे एक-दूसरे की जांच करेंगे। यह जांच महज औपचारिक निरीक्षण नहीं होगी। इसका मुख्य उद्देश्य उन छोटी-छोटी प्रक्रियात्मक चूक को पकड़ना है, जो बड़े हादसों का कारण बनती हैं। ट्रैक, सिग्नल, ब्रेक जैसी दिनचर्या की जांच से आगे बढ़कर यह देखा जाएगा कि कागजी नियमों का धरातल पर पालन हो रहा है या नहीं।

# 15वें वित्त आयोग का फंड 6 माह से जारी नहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य ठप

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

रायपुर जिले में 15वें वित्त आयोग का फंड पिछले 6 माह से जारी नहीं हो पाया है। इसके कारण जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य भी ठप पड़े हुए हैं।

जिला पंचायत रायपुर की प्रशासनिक बैठक के साथ सामान्य सभा की बैठक 3 से 4 बार हो चुकी है। इन बैठकों में ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों में चल रही केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों पर चर्चा के साथ विकास कार्यों से संबंधित कई मुद्दें भी उठ चुके हैं। जिला पंचायत के कई सदस्यों ने कई ग्रामों में 15वें वित्त आयोग की राशि जारी नहीं होने के कारण पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, नाली निर्माण, सड़क निर्माण जैसी बुनियादी सुविधाएं भी मिल नहीं पा रही हैं।

रायपुर जिले में जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचित होने के बाद जिला पंचायत रायपुर समिति को गठित हुए लगभग 6 माह हो चुका है। जिला पंचायत के कुछ सदस्यों के अनुसार इन 6 महीनों के दौरान अब तक एक बार भी 15वें वित्त आयोग की राशि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जारी नहीं की गई है। इसके कारण ग्रामों में बुनियादी सुविधा के साथ विकास कार्य भी ठप हैं। राशि लंबित होने के कारण विभिन्न शासकीय योजनाएं भी प्रभावित हो रही हैं।



### जिला पंचायत सीईओ-कलेक्टर को सौंपा गया है ज्ञापन

15वें वित्त आयोग की राशि 6 माह से जारी नहीं होने से ग्रामों में बुनियादी सुविधाओं पर पड़ रहा असर तथा विकास कार्य ठप होने को लेकर जिला पंचायत के कुछ सदस्यों ने सीईओ कुमार बिश्वरंजन और कलेक्टर गौरव सिंह को ज्ञापन भी सौंप चुके हैं। इस ज्ञापन के जरिए सदस्यों ने 15वें वित्त आयोग की राशि जारी करने की मांग की है, ताकि ग्राम पंचायतों में लोगों को बुनियादी सुविधाएं देने के साथ अन्य विकास कार्य भी कराए जा सकें।

## खबर संक्षेप



### बम्हनी के उपार्जन केंद्र प्रभारी निलंबित

**महासमुंद।** धान खरीदी में लापरवाही बरतने के कारण उपार्जन केंद्र प्रभारी बम्हनी, आरंगी गंगाधर जगत को निलंबित कर दिया गया है। गत 28 नवंबर को तहसीलदार एवं टीम द्वारा निरीक्षण में उपार्जन केंद्र बम्हनी समिति आरंगी में काफी अव्यवस्था पाए जाने के कारण गया जैसे खरीदी किए बारदानों का स्टैकिंग ना होना और ना ही सिलाई होना, सीसीटीवी चालू हालत में ना होना, उपार्जन केंद्र में आदर्श धान के नमूने ना होना, गेट पास एप में सही तरीके से फोटो नहीं लिए जाना आदि। उनका यह कृत्य घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को दर्शाती है। अतः प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उनको तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या. रायपुर शाखा पिरदा निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।



### प्रभारी प्राचार्य सिन्हा हुए पदोन्नत, किया स्वागत

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्यरत व्याख्याता जीआर सिन्हा का प्राचार्य पद पर पदोन्नति हुई है। उन्होंने इसी विद्यालय में प्राचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका स्वागत किया गया। प्रार्थना सभा में आयोजित स्वागत समारोह का संचालन तोषण गिरि गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

### कहार भोई समाज का चुनाव 7 को

**महासमुंद।** कहार भोई समाज का अध्यक्ष एवं सचिव का चुनाव वोटिंग प्रकिया से आगामी 7 दिसंबर रविवार को होना तय हुआ है। जिसमें नामांकन जमा करने की तिथि 2 दिसंबर मंगलवार एवं नाम वापसी 3 दिसंबर बुधवार को शाम 5 बजे तक है। वोटिंग समय सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक एवं वोट की गिनती शाम 5 बजे पश्चात जीते हुए उमीदवार की घोषणा की जाएगी। यह चुनाव स्थानीय वार्ड क्रमांक 2 इमली भाठा कहार भोई समाज भवन में होगा। जिसमें सामाजिकजन बड़ी संख्या में शामिल होकर अपने मताधिकार से अध्यक्ष और सचिव का चुनाव कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उक्ताशय की जानकारी कहार भोई समाज महासमुंद राज के सचिव योगेश कश्यप ने दी है।

### निधन

**नरसिंग चंद्राकर**



**महासमुंद।** खम्हरिया (बागबाहरा) निवासी शासकीय महासमुंद महाविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व पं. रविशंकर विश्वविद्यालय के पूर्व सचिव रहे नरसिंग चंद्राकर (63 वर्ष) का 30 नवंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खम्हरिया में किया गया। वे दीपा चंद्राकर के पति व शेरसिंग चंद्राकर, देवा चंद्राकर, अशोक चंद्राकर, उत्तम चंद्राकर के भाई थे।

# सेजेस के विद्यार्थियों ने किया सहकारी बैंक भंवरपुर का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भंवरपुर

विद्यालय विद्यार्जन के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक शिक्षा देकर प्रतिस्पर्धी जीवन शैली से तादात्म्य स्थापित करने की क्षमता का समुचित विकास करने का केंद्र होता है। इसलिए सेजेस भंवरपुर विद्यालय प्रबंधन द्वारा समय-समय पर ऐसे व्यावहारिक तथ्यों से परिचय के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में इस बार सहकारी बैंक भंवरपुर का भ्रमण कराया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा बैंक के कर्मचारियों से अनेकानेक प्रश्नोत्तर कर सहकारी बैंकों की कार्यप्रणाली को समझने का प्रयास किया गया।

सेजेस भंवरपुर के नवनियुक्त प्राचार्य मनोज नंद एवं वरिष्ठ व्याख्याता नंदकुमार दीवान के श्रेष्ठ मार्गदर्शन में विद्यालय के ऊर्जावान शिक्षक सरोज कुमार भोई द्वारा इस कार्यक्रम की रुपरेखा व सफलतम क्रियान्वयन किया गया। जिसमें राधा देवांगन व दामिनी भोई की विशेष योगदान रहा। वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों और व्यवहारिक जीवन की कठिनाईयों के बारे में संपूर्ण व्यावहारिक जानकारियों का होना अत्यावश्यक हो गया है। जैसे-जैसे शिक्षा का स्तर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे प्रतिस्पर्धा का भी स्तर बढ़ रहा है। शिक्षा का उद्देश्य अध्येताओं में रोजगार के साथ-साथ विभिन्न आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, वैज्ञानिक, अनुसंधानपरक, नवाचारात्मक, अनुशासनात्मक, संज्ञानात्मक, सहसंज्ञानात्मक क्षमता का विकास कर जीवन की समस्त चुनौतियों का डटकर सामना करने की दक्षता व कुशलता का विकास करना होता है।



छत्तीसगढ़ में सहकारी बैंकों के महत्वपूर्ण कार्य व उद्देश्य इस प्रकार हैं, किसानों को अल्पकालीन, मध्यमकालीन व दीर्घकालीन ऋण प्रदान करना, कृषि कार्यों के लिए कम ब्याज दर पर फसल ऋण देना, सहकारी समितियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना, ग्रामीण क्षेत्रों में बचत को प्रोत्साहित करना। जमा योजनाओं (सेविंग, एफडी आदि) का संचालन, कृषि उपकरणों की खरीद के लिए ऋण उपलब्ध कराना, पशुपालन, मत्स्य पालन, वनोपज आदि ग्रामीण व्यवसायों को ऋण सहायता, किसानों को समय पर ऋण वितरण एवं ऋण नवीनीकरण का प्रावधान, सहकारी विपणन समितियों को वित्तीय सहयोग, ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार, महिलाओं के स्व-सहायता समूह (एसएचजी) को ऋण एवं वित्तीय सहायता, समाज के कमजोर वर्गों को विशेष ऋण योजनाएं उपलब्ध कराना, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) का मार्गदर्शन व पर्यवेक्षण, कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए वित्तीय सेवाओं का प्रावधान, ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में वित्तीय भागीदारी, डिजिटल एवं आधुनिक बैंकिंग सेवाओं का प्रसार, राज्य सरकार की कृषि-संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग, किसानों को ऋण माफी/अनुदान योजनाओं के लाभ पहुंचाना, आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों के विकास में सहयोग और ग्रामीण व्यापार, लघु उद्योग व सेवा क्षेत्र को ऋण उपलब्ध कराना आदि। शैक्षणिक भ्रमण के कार्यक्रम में टिकेश्वर पटेल, प्रेमकुमार निर्मलकर, शौकीलाल चौहान, अनिरूद्ध भोई, दिनेशचंद्र सतपथी, अनंत विजय कदम, दिनेश कुमार दास, दिनेश कुमार बंधु, प्रदीप कुमार बारीक, दुर्गा प्रसाद पटेल, हीराराम चौहान, अनुसूईया पटेल आदि शिक्षकगणों तथा कक्षा-दसवीं के समस्त छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## परीक्षा : दर्शनशास्त्र, करेंट अफेयर्स आदि के प्रश्न पूछे गए

# राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए हुआ पांचवा टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा हेतु 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को पांचवा टेस्ट का आयोजन किया गया।



जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में पांचवा टेस्ट पेपर दर्शनशास्त्र, करेंट अफेयर्स, कला संस्कृति, पर्यावरण का हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें दर्शनशास्त्र, करेंट अफेयर्स, कला संस्कृति, पर्यावरण आदि के प्रश्न पूछे गए थे।

पांचवा टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 08 टेस्ट के क्रम में छठवा टेस्ट पेपर मेगा टेस्ट - 1 का आयोजन 14 दिसंबर रविवार को (भारत का सामान्य अध्ययन एवं छत्तीसगढ़ का सामान्य अध्ययन) का टेस्ट आयोजित होगा। डी. बसंत साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और सीजीपीएससी प्री परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर सकते हैं।

# महासमुंद जनपद में मतदाता सूची पुनरीक्षण को मिली तेज गति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर स्वयं बीएलओ के साथ घर-घर पहुंच रही, ताकि बचे हुए मतदाता नागरिकों को प्रेरित किया जा सके। जनपद क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को जनपद उपाध्यक्ष हुलसी स्वयं की सक्रिय भागीदारी से एक नई दिशा मिली है। वंचित (पेंडिंग) मतदाता फॉर्मों को सीमित समय-सीमा में जमा कराने के लिए, हुलसी स्वयं ने स्वयं बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) की टीम के साथ मतदाताओं के निवासों तक पहुंचने का निर्णय लिया है।



कार्य को महज कागजी खानापूर्ति तक सीमित न रखते हुए हुलसी ने स्वयं व्यक्तिगत संपर्क की रणनीति अपनाई है। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में पंजीकरण से न चूके। इस दौरान, वह नागरिकों को एक जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य याद दिलाते हुए चुनाव आयोग के इस महत्वपूर्ण अभियान का समर्थन करने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

### बेलसोंडा में 1,284 फॉर्म ऑनलाइन होना शेष

जनपद उपाध्यक्ष का विशेष ध्यान ग्राम पंचायत बेलसोंडा पर केंद्रित है, जहां चार बूथों पर फॉर्म ऑनलाइन करने की प्रगति धीमी है। कुल 3,182 मतदाताओं वाले इन चार बूथों में से अब तक केवल 1,898 फॉर्म ही ऑनलाइन किए जा सके हैं। अभी भी 1,284 फॉर्म ऑनलाइन होने बाकी हैं, जिन पर अब विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बूथ 133 में सर्वाधिक 465 फॉर्म लंबित हैं, जहाँ 963 मतदाताओं में से 498 फॉर्म ऑनलाइन हुए हैं। बूथ 132 में 577 मतदाताओं के मुकाबले 308 फॉर्म ऑनलाइन हुए हैं, जिससे 269 फॉर्म लंबित हैं। बूथ 135 में 924 मतदाताओं में से 332 फॉर्म अभी भी बाकी हैं। बूथ 134 में 718 मतदाताओं में से 500 फॉर्म ऑनलाइन हो चुके हैं, जिसके साथ 218 फॉर्म शेष हैं। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी ने स्वयं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही इस अभियान को सफलता मिलेगी और मतदाता सूची को जल्द ही अंतिम रूप दिया जा सकेगा।

### विधायक ने कोसरंगी में भाजपा नेताओं एवं आमजनों के साथ सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात



**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 128वें एपिसोड का प्रसारण रविवार को हुआ। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम कोसरंगी में भाजपा नेताओं एवं आमजनों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात का प्रसारण देखा। इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलग-अलग क्षेत्रों की चर्चा करते हुए भारत में खेलों की प्रगति, विंटर टूरिज्म, वोकल फॉर लोकल के साथ ही वाराणसी में होने वाले काशी-तमिल संगमम सहित अन्य विषयों पर चर्चा की।

# मृत्यु संस्कार कार्यक्रम दिखावटी नहीं, संस्कारों से परिपूर्ण हो: कोकड़िया

## मृत्यु संस्कार कार्यक्रम में नवीन पहल पर गोष्ठी आयोजित, कोकड़िया ने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

मृत्यु संस्कार कार्यक्रम के संबंध में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही पटेवा के संचालक शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने वर्तमान मृत्यु संस्कार कार्यक्रमों में आवश्यक सुधार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जैसे मृत व्यक्ति को एक से अधिक कफ़न न चढ़ाए, सारे कफ़न कपड़ों को जलाना पड़ता है, पहले जमाने में लोग ले जाते थे, आजकल कोई नहीं ले जाता। केवल पर्यावरण प्रदूषण होता है। मृत व्यक्ति को श्रीफल समर्पित करें, जिसे बाद में प्रसाद के रूप में सभी खा सकते हैं। नारियल को शव के साथ जलाने से भी हवा शुद्ध होता है। मृत व्यक्ति के दशगात्र, दशकर्म, मृत्यु भोज का भोजन सादा, सरल हो, न कि विभिन्न गरिष्ठ पकवानों से भरा हुआ। मृत व्यक्ति के शुभ-अशुभ, मंगल-अमंगल, उचित -अनुचित, न्याय-अन्याय, व्यवस्था-अव्यवस्था संबंधी कार्यों का सभा के माध्यम से परिवारजनों द्वारा स्मरण किया जाए, इससे मृत जीवन को नवीन संस्कार धारण करने में सुविधा होती है। बढ़िया प्रेरणा दायी गीत, शरीर की नश्वरता और जीवन की अमरता पर संवाद किया जाए। सभा में उपस्थित सभी लोग अपने शरीर यात्रा की उपलब्धियों पर संवाद करें, उन्होंने अभी तक क्या सार्थक और क्या निरर्थक कार्य किया। कोकडिया के अनुसार स्वाभाविक मृत्यु एक उत्सव है। क्योंकि, वर्तमान शरीर पूरा जर्जर हो गया है, इसीलिए जीवन इस शरीर को छोड़कर नया शरीर धारण करने के लिए शरीर का त्याग करता है, उसके नवीन शरीर धारण करने के लिए हम उनके सहयोगी बनें, इसके लिए मृत्यु संस्कार कार्यक्रम आयोजन अनिवार्य है।





# श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

शासकीय श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों ने प्रधान पाठक उर्मिला मरकाम के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण का आनंद लिया। विद्यालय के लगभग 120 विद्यार्थी इस भ्रमण में शामिल हुए। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को ऐतिहासिक, धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थलों से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना था।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम ग्राम छटेरा पहुंचकर तालाब के मध्य स्थित छटेरा शिव मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद बच्चे टिला क्षेत्र में निर्मित एनीकट को देखने पहुँचे, जहां उन्होंने उसके निर्माण के कारण, उपयोग एवं उससे होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात सभी विद्यार्थी चंपारण पहुंचे, जो महाप्रभु वल्लभाचार्य की जन्मस्थली है। यहाँ बच्चों ने महाप्रभु वल्लभाचार्य के जीवन, इतिहास एवं उनके योगदान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की तथा जन्मस्थली का दर्शन किया। चंपारण के प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर विद्यार्थी अत्यंत आनंदित हुए। इसके बाद विद्यार्थियों ने राजीव लोचन मंदिर के दर्शन किए तथा वहां बने लक्ष्मण झूला जैसे पुल के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अनोखी संरचना को देखकर बच्चे काफी उत्साहित हुए। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय की सेवानिवृत्त शिक्षिकाएं मधु तिवारी, यशोदा तिवारी, कुंती देवांगन एवं पूर्व विद्यालयीन शिक्षिका किरण दीवान सम्मिलित हुए। विद्यालय की शिक्षिकाएं लक्ष्मी मानिकपुरी, लीनू चंद्राकर एवं गीता गोस्वामी के सहयोग, मार्गदर्शन और सतत प्रयासों व समर्पण से यह शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक हुआ।



### विधायक ने कोसरंगी में जनचौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**महासमुंद।** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रविवार को ग्राम कोसरंगी पहुंचे और लोगों की समस्याओं को सुनी। साथ ही उनकी समस्याओं के उचित निराकरण का आश्वासन दिया।

## डांस प्रतियोगिता में 38 टीमों ने लिया भाग

# चिपरीकोना डांस स्पर्धा में हमर छत्तीसगढ़ डांस ग्रुप बड़े साजापाली प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

ग्राम चिपरीकोना में महालक्ष्मी पूजा महोत्सव में शुक्रवार को डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के ख्यात 38 टीमों ने भाग लेकर रंगारंग एवं मनमोहक प्रस्तुति दी।

प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य में हमर छत्तीसगढ़ डांस ग्रुप बड़े साजापाली प्रथम, वन स्टेप डांस ग्रुप उड़ीसा द्वितीय, सरारा डांस ग्रुप भटगांव तृतीय, मोहनी डांस ग्रुप चंद्रपुर चतुर्थ, सांवरिया डांस ग्रुप सलखंड पंचम, मन के मीत डांस ग्रुप कसडोल षष्ठम रहे। युगल में खुशबू श्याम प्रथम, पवन हीना रायपुर द्वितीय, भावेश सोनिया रायपुर तृतीय, टू लिटिल स्टार सरायपाली चतुर्थ, एआर राजनांदगांव पंचम, साधना सरगम षष्ठम रहे। वहीं एकल में काजल सेन गरियाबंद प्रथम, भाग्यलक्ष्मी पामगढ़ द्वितीय, आस्था सोना झारसुगुड़ा तृतीय, सूरज निषाद झलप चतुर्थ, मौसमी मानिकपुरी बलोदा बाजार पंचम, शेखर यादव बागबाहरा षष्ठम स्थान प्राप्त किया।



सभी प्रतिभागियों को नगद राशि प्रदान किया। साथ ही गोवर्धन साहू को उत्कृष्ट उद्घोषक सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य प्रीतम सिंह सिदार, अध्यक्षता उत्तम सिंह चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि महाबली पोर्ते कला शिक्षक, जयपाल बघेल, संगीता अजय सिदार, जगदीश नेताम, नरेंद्र सिदार, अवध राम जगत, फगुलाल राठिया, महेश राम सिदार रहे। कार्यक्रम का संचालन गोवर्धन साहू, शंकर सिंह सिदार एवं सुरेंद्र चौहान ने किया। वही निर्णायक के रूप मे धोबालाल पटेल, जागृति पोर्ते, नरेश पोर्ते रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष घनश्याम सिदार, उपाध्यक्ष गणेश सिदार, कोषाध्यक्ष तीर्थ कुमार नाग, सचिव बिरेंद्र चंद्रवंशी, सहसचिव कन्हैया सिदार, तिलक राम पटेल, आनंद सिदार, जगदीश कैवर्त, आजाद युवा समिति के सदस्यों व महिला स्वसहायता समूह का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लिए।

